i:lkj Hkkjrh

Hkkjrh; i:lkj.k fuxe

vkdk'kok.kh dsUæ f'keyk

12-04-2026@iknsf'kd lek kj@1!"00#$s

e&;e'(h

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार पारदर्शिता, सुशासन और जन सेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 40 महीनों के कार्यकाल में सरकार ने जनसेवा को केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि में कई नीतिगत बदलाव किए गए और नए कानून बनाने के अलावा भ्रष्टाचार के रास्तों को बंद किया गया है। पुरानी पैंशन पर पुर्नविचार को लेकर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुरानी पैंशन को बंद नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीतियां प्रदेश विरोधी रही हैं और भाजपा कार्यकाल में जनहित को प्राथमिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. प्रदेश का अधिकार है और इसके बंद होने से राज्य को 50 हजार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है।

'kkf)y

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों तक आधुनिक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित बना रही है। सोलन जिले के चायल में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल चायल में स्टाफ की नियुक्ति के साथ–साथ आधुनिक उपकरण भी स्थापित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी से एच.पी.वी. विशेष टीकाकरण अभियान के तहत पात्र लड़कियों का टीकाकरण अवश्य करवाने का आह्वान किया ताकि वे सर्विकल कैंसर के खतरे से पूरी तरह सुरक्षित रह सके। धनीराम शांडिल ने चायल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

vfHk;ku

राज्य सरकार ने वर्ष 2026–27 में ''खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान'' आयोजित करने की विस्तृत योजना तैयार की है। इसके तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 50 हजार युवा भाग लेंगे। इस अभियान का उददेश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के माध्यम से अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक जीवनशैली की ओर अग्रसर करना है।

ekdik

माकपा ने राजधानी शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल की स्त्री रोग ओपीडी को आईजीएमसी में स्थानांतरित करने का विरोध किया है। मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि यदि अस्पताल को स्थानांतरित किया जाता है तो वे विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्र सरकार द्वारा मातृ व शिशु अस्पताल के लिए तय दिशा निर्देशों का उल्लंघन होगा। अस्पताल के स्थानांतरित होने से आईजीएमसी में भीड़ बढ़ेगी जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

Hkk$ik

प्रदेश कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा ने आज नाहन में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में शहर में आक्रोश रैली निकाली गई। मीडिया से बातचीत में राजीव बिंदल ने कहा कि अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई हजार करोड़ रूपए का कर्ज लेने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं।

lh*e+,-lo

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिले के हरोली उत्सव को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया है। हरोली में इस उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने इस भव्य आयोजन के लिए उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने कहा कि बैसाखी की खुशियों से भरा ये आयोजन हरोली क्षेत्र के लोगों के जीवन में खुशी, ऊर्जा और एकता का संचार करने का माध्यम है।

,-lo+2

इस बीच राज्यस्तरीय हरोली उत्सव दूसरे दिन हरोली मैदान में आयोजित काफ रैली आज आर्कषण का केन्द्र रही। इस रैली में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से मौजूद रहे। इस रैली में क्षेत्र के पशुपालकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया जिसमें करीब 50 दुधारू पशुओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान आधुनिक पशुपालन, नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने से जुड़ी जानकारी भी पशुपालकों को दी गई।

———————————————————————————————